# ढली में दी वित्तीय योजनाओं की जानकारी

**शिमला।** वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत वीरवार को ढली पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान लगभग 40 खातों की ईकेवाईससी की गई। कई लाभार्थियों ने मौके पर ही बीमा और पेंशन योजनाओं के लिए नामांकन कराया।



ढली पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। संवाद

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने री-ईकेवाईसी की अनिवार्यता पर बल देते हुए ग्रामीणों को डिजिटल वित्तीय लेनदेन में सावधानी बरतने की जानकारी दी। संयोजक विवेक कुमार मिश्रा ने पीएम जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना बारे बताया। इस अवसर पर प्रभारी दीपक कुमार, आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक आशीष शर्मा, एलडीएम शिमला कुलवंत राय और यूको बैंक ढली शाखा के प्रबंधक पीयूष राठौर सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद

Visit of RD, Shimla - GP Dhali - Shimla - July 31, 2025 - Samvaad newspaper clip